PUBLICATION NAME :	Rajasthan Patrika
EDITION :	Ahmedabad
DATE :	05/03/24
PAGE :	2

अहमदाबाद: ईडीआईआई से प्रशिक्षित वस्त्र कारीगरों का डिजाइनरों के साथ फैशन शो



अहमदाबाद@पत्रिका. भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान की ओर से हस्त कला सेतु योजना के तहत प्रशिक्षित कारीगरों की ओर से रविवार को एक फैशन शो आयोजित किया गया। इसमें उन्होंने मशहूर डिजाइनरों के साथ मिलकर आधुनिक और पारंपरिक भारतीय कला के डिजाइन किए वस्त्रों को प्रदर्शित किया। इसमें 40 कारीगरों ने हिस्सा लिया। इसमें सूफ वर्क, पटोला, बांधनी, ब्लेक कॉटन, कच्छी कढ़ाई, बीड वर्क, भदोही गलीचे, पैठनी, बनारसी सिल्क, भागलपुर सिल्क, ब्रोकेड्स, पश्मीना जैसे अनूठे कार्य देखने को मिले।ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने कहा कि इस फैशन शो का उद्देश्य प्रशिक्षित कारीगरों को जरूरी कौशल और सहायता प्रदान करने के साथ आर्थिक समृद्धि के नए तौर तरीकों से भी परिचित कराना है। 2020 से शुरू हस्त कला सेतु योजना के तहत 33800 से ज्यादा कारीगरों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इसमें गुजरात के 21 हजार कारीगर हैं।